# अग्रवाल महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता बोले, बिना गुरू के नहीं मिलता है ज्ञान

By **Admin** September 5, 2022 6 0



**फरीदाबाद (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह )।** तरुण निकेतन विद्यालय के प्रांगण में 5 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ अध्यापक दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन हिमांशु तंवर, प्रधानाचार्या रंजना सोबती, उप प्रधानाचार्या राधा चौहान, समस्त अध्यापक गण व विद्यार्थी भी शामिल हुए। विद्यालय के चेयरमैन हिमांशु तंवर ने डॉक्टर राधाकृष्णन की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित करके तथा पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यार्थियों ने कई गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कई विद्यार्थियों द्वारा अध्यापक दिवस के अवसर पर कविता पाठ किया गया। विद्यार्थियों के एक समूह ने लघु नाटक द्वारा अध्यापकों के महत्व को प्रदर्शित किया।

विद्यालय के चेयरमैन हिमांशु तंवर ने आचार्य, गुरु और शिक्षक के महत्व को बताते हुए कहा कि अध्यापक बेमिसाल है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशमान बनने को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना गुरू के कोई भी व्यक्ति ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता। शिक्षक ही देश का भविष्य बनाते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना सोबती ने विद्यार्थियों के समक्ष अपने मूल्यवान विचारों को प्रस्तुत किया तथा जीवन में अध्यापकों का महत्व बताते हुए छात्रों को अनेक जानकारियां प्रदान की।

कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के किरदार को निभाया तथा सभी कक्षाओं का भली-भांति संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गान का सस्वर लय में गायन किया गया।